दिनांक 29 जुलाई 2019

स्वच्छ भारत अभियान
स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

वृक्षारोपण महाअभियान "मोर पेड़ मोर जीनगानी" से जुड़ने लगे लोग , सराहनीय कार्य करने वाले को मिलेगा 25000 तक पुरस्कार

भिलाईनगर/ महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने आगामी वर्षा ऋतु में किए जाने वाले वृक्षारोपण को लेकर जन सहभागिता को जोड़ते हुए अभियान चलाने के निर्देश दिए है!
जिस पर आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने समस्त जोन आयुक्त एवं विभागीय अधिकारियों को वृक्षारोपण के लिए जन जागरूकता लाने के लिए आदेशित किया है!
स्मार्ट एप भिलाई जिसमें नगर पालिक निगम भिलाई से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां एकत्रित है इसे वृक्षारोपण महाअभियान पुरस्कार "मोर पर मोर जीनगानी" के लिए अपडेट कर दिया गया है इस ऐप में अब वृक्षारोपण करने के पश्चात लोग जानकारी अपलोड कर रहे हैं !
वृक्षारोपण के लिए जन सहभागिता को नकारा नहीं जा सकता! जन सहभागिता से यदि कार्य किया जाए तो निश्चित रूप से भिलाई के सभी क्षेत्रों में हरियाली छा जाएगी , क्योंकि सभी अपने घरों के समीप पौधे लगाएंगे और उसकी देखभाल से वे स्वयं करेंगे , आयुक्त महोदय ने भवन अनुज्ञा शाखा को निर्देशित किया है कि भवन अनुज्ञा लेने के लिए अनिवार्य रूप से 5 वृक्ष लगाए जाने का निरीक्षण करें, वृक्षारोपण केवल गमलों में लगाकर दिखावा ना हो!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है, जल ही जीवन है